an>

Title: Need to undertake electrification of railway line on Jaipur-Sawai Madhopur and Delhi-Jaipur-Agra section and also run a direct train from Jaipur to Shirdi.

श्री रामचरण बोहरा (जयपुर शहर)ः जयपुर-सवाई माधोपुर तथा गोल्डन टूरिस्ट सर्किट ट्राईंगल दिल्ली-जयपुर-आगरा रेलवे लाइनों का विद्युतीकरण कार्य स्वीकृत कर शीघ्र चालू कराया जाए जिससे यात्रियों को बेहतर सुविधा मिल सके। इसके साथ ही जयपुर से शिरडी के लिए सीधी रेलगाड़ी चलाई जाए। शिरडी धाम एक धार्मिक स्थान है, साथ ही त्रिम्बकेश्वर ज्योतिर्लिंग (नासिक) भी एक बड़ा धार्मिक स्थान है। यहां पर भारी संख्या में श्रद्धालुओं को आना-जाना रहता है और जयपुर से व्यापारी वर्ग का भी महाराष्ट्र में बहुत आवागमन रहता है। जयपुर से शिरडी के लिए सीधी रेलगाड़ी चलने से सभी को बहुत सुविधा मिलेगी।

अतः मेरा केन्द्र सरकार से अनुरोध है कि उक्त सभी कार्यों को जनहित में धार्मिक पर्यटकों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए शीघ्रातिशीघ्र कराने की कृपा की जाए।